卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 254 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦25 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## भिड़ंत के बाद दो डंपरों में भड़की आग, युवक जिंदा जला

काशीपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर टोल प्लाजा के समीप मौत के मानिंद फर्राटा भरने वाले दो घोड़ा डंपरों की आपस में तेज धमाके के साथ भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दोनों वाहनों में आग लग गई और वह धूं-धूं कर जलने लगे। आग की लपटों में घिरकर एक डंपर चालक मौत के मुंह में चला गया। फायर ब्रिगेड को मामले की सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंच गई और भड़की आग पर बामुश्किल काबू पाया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने घटनास्थल पर पहुंचकर जरूरी जानकारी जुटाने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए उसे पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। घटना के वास्तविक कारणों की जांच जारी है। जानकारी के मुताबिक तड़के लगभग 5:15 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर (फोरलेन पर) अवैध खनन से ओवरलोड एक घोड़ा डंपर रॉन्ग साइड से काशीपुर से जसपुर की ओर जा रहा था। बताते हैं की दूसरी ओर से अपनी साइड से एक खाली घोड़ा डंपर तेजी से जसपुर से काशीपुर की ओर आ रहा था इस दौरान शिवराजपुर पट्टी पुलिस चौकी से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित शेरे पंजाब ढाबे के समीप दोनों डंपरों में आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि पलक झपकते दोनों वहां आज की लपटों में घिरकर खाक में तब्दील हो गए। इस दौरान एकदम पर चालक हादसे की भेंट चढ़ गया। बताते हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग के कर्मचारियों द्वारा घटनास्थल के आसपास डेडीकेटिंग लगा करके मार्ग को वन वे कर दिया गया था।





## निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर। जेकेवी मल्टी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी में निवेश के नाम पर लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले सोसायटी के डायरेक्टर को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी दो साल से फरार चल रहा था उस पर 25 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि स्पेशल टास्क फोर्स उत्तराखण्ड द्वारा ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत सीओ एसटीएफ आर0बी0चमोला , प्रभारी निरीक्षक (शेष पृष्ठ सात पर)



## बाइक की टक्कर से किसान की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर के बाहर टहल रहे किसान को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल किसान को निजी अस्पताल भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद बाइक सवार दोनों युवक मौके से फरार हो गये। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार बसंतीपुर दिनेशपुर निवासी 65 वर्षीय अमर मण्डल पुत्र पागल मण्डल सोमवार शाम करीब साढ़े आठ बजे घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बाइक सवार दोनों युवक बाइक सहित मौके से फरार हो गये। परिजन और आस पास के लोग गंभीर हालत में अमर मण्डल को निजी अस्पताल लेकर गये। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। बाइकसवार युवकों की पहचान नहीं हो पायी है पुलिस उनकी तलाश कर रही है।



## सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की अचानक तबियत बिगड़ गयी उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक घटी घटना से फैक्ट्री में हड़कम्प मच गया वहीं परिजनों में घटना से कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार आई एसएस सिक्योरिटी कंपनी का सिक्योरिटी गार्ड 31 वर्षीय आकाश गंगवार पुत्रर यशवंत गंगवार सिडकुल की परफेटी कंपनी में तैनात था। सुबह साढ़े नौ बजे वह रोजाना की तरह ड्यूटी कर रहा था,अचानक उसकी तबियत (शेष पृष्ठ सात पर)





## बाइक सवार युवक अचानक गिरा,मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाइक पर फेरी लगाने वाला युवक अचानक बाइक से गिर पड़ा। आस पास के लोग उसे अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक केखेलाड़ा निवासी 21 वर्षीय जुबेर अहमद पुत्र जमील(शेष पृष्ठ 7पर)



## कल्याणी नदी से शीघ्र हटेगा अतिक्रमण

### डीएम ने स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को दिये निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने अधिकारियों के साथ कल्याणी नदी का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि वर्षाकाल में नदी का बहाव तेज हो जाता है तथा जल भराव होता है इसलिए अटरियां पुलिया से नदी के डाउनस्टीम आवास विकास वृहस्पति मंदिर व खेड़ा पुलिया तक वर्षाकाल में नदी के बहाव व फैलाव को अवरूद्ध करने वाले अतिक्रमण को चिन्हित करते हुये हटाने के निर्देश सिंचाई विभाग व नगर निगम को दिये। उन्होने कहा कि इस हेतु 26 जून बुधवार को कल्याणी नदी में अतिक्रमणकारियों के साथ बैठक कर उन्हे अतिक्रमण हटाने हेतु तीन दिन का समय देते हुये नोटिस दें उसके बाद जेसीबी लगाकर अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये। कार्य में शिथिलता बरतने पर वेतन रोकने की चेतावनी भी दी। जिलाधिकारी ने कल्याणी नदी का सिडकुल क्षेत्र से होते हुये जगतपुरा के अटरिया पुल, आवास विकास पुलिस चौकी होते हुये किच्छा वाईपास रोड खेड़ा पुलिया तक निरीक्षण किया। कल्याणी नदी सिडकुल क्षेत्र निरीक्षण के दौरान उन्होने नदी की सफाई सिडकुल के माध्यम से कराने तथा पानी की जांच कराने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि जिन-जिन औद्योगिक इकाईयों का अनट्रीटेड पानी कल्याणी नदी में छोड़ा जा रहा है उन्हे नोटिस जारी करने के निर्देश नगर निगम, सिचाई विभाग व प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों को दिये। इसके उपरांत उन्होने जगतपुरा अटरियां पुलिया, आवास विकास पुलिस चौकी, किच्छा रोड वाईपास खेड़ा पुलिया के पास नदी का निरीक्षण करते हुये नदी में बने अतिक्रमण को चिन्हित करते हुये तीन दिन का नोटिस (शेष पृष्ठ सात पर)



## हाईटेशंन लाईन की चपेट में आकर हाथी की मौत

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। तराई केन्द्रीय वन प्रभाग के टांटा रेंज अंतर्गत जयनगर नंबर 3 में 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाईन की चपेट में आकर एक नर हाथी की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने हाथी के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम की कार्रवाई शुरू की। जानकारी के अनुसार जयनगर नंबर तीन में एक नर हाथी का शव बरामद होने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम के एसडीओ मयंक मेहता ने बताया कि प्रथम दृष्टया हाथी पानी की या घास की तलाश में जंगल से आबादी वाले क्षेत्र में आया और हाईटेंशन लाईन की तारें काफी नीची होने के कारण यह हाथी उसकी (शेष पृष्ठ सात पर)



## जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में हंगामा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं और वर्क ऑर्डर जारी नहीं किये जाने के विरोध में जिला पंचायत के कई सदस्यों ने जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में हंगामा किया और मांगों को लेकर जिला पंचायत के गेट पर धरना शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेनू गंगवार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत के सभागार में बोर्ड की बेठक शुरू हुई इस दौरान कई प्रस्तावों पर चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान जिला पंचायत बोर्ड के कई सदस्य टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं का मुददा उठाते हुए आक्रामक हो गये। उन्होंने अनियमितताओं के साथ ही मिलीभगत के चलते टेंडर के वर्कआउट जारी न करने का आरोप लगाया। विरोध स्वरूप जिला पंचायत के कई सदस्य बैठक से बाहर आकर धरने पर बैठ गये। इस दौरान सदस्यों ने जमकर नारेबाजी भी की। (शेष पृष्ठ सात पर)



## आपातकाल के लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस शासनकाल में लगे आपात काल की बरसी पर आपातकाल के लोकतंत्र सेनानियों को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट, विधायक शिव अरोरा एवं जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी अशोक जायसवाल, स्नेहपाल, कस्तूरी लाल तागरा, नरेश रस्तौगी, ओमप्रकाश ठुकराल, सुरेश पुंशी, तिलकराज घई, राजकुमार, मुकेश बाली, राजेन्द्र राणा, डीएन मिश्रा, दया राम, हरीश पंत, सुभाष छाबड़ा, जुगल किशोर बाम्बा, रणधीर अरोरा, वेद ठुकराल, रमाकांत त्रिवेदी, राम आसरे, राम कुमार आर्य, राजेन्द्र कुमार, चमन लाल बाम्बा, किशोरी लाल धीर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान गोष्ठी का आयोजन भी हुआ। जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के शासन के दौरान वर्ष 1975 में लगा आपातकाल काले अध्याय से कम नहीं था। इस दौरान (शेष पृष्ठ सात पर)



# कैंप लगाकर गर्भवती महिलाओं को एएनसी जांच की सुविधा पहुंचाने के निर्देश




देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सोवार को सचिवालय में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) उत्तराखण्ड की स्थिति के सन्दर्भ में लैंगिक समानता, पोषण, जीरो हंगर, स्वास्थ्य जैसे इंडीकेटर की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग, एनएचएम तथा सभी जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों के साथ जल्द ही हेल्थ डाटा के संबंध में एक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने गर्भवती महिलाओं तथा नवजात बच्चों के लिए आंगनबाड़ियों में वेक्सीनेशन की अनिवार्यत: व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने पर्वतीय जनपदों में वन स्टॉप सेन्टर को गर्भवती महिलाओं हेतु प्रतीक्षालय के रूप में उपयोग करने की व्यवस्था को पूरी तरह लागू करने के निर्देश दिए हैं।गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी (प्रसव पूर्व जांच) की जांच की अनिवार्य व्यवस्था के निर्देश देते हुए मुख्य सचिव ने हरिद्वार जैसे उच्च मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर वाले जिलों में ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर कैम्प लगा कर गर्भवती महिलाओं को एएनसी जांच की सुविधा पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सरकारी अस्पतालों में अधिक से अधिक प्रसव करवाने हेतु एएनसी जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में गैर सरकारी संस्थाओं एवं सामाजिक संस्थाओं की मदद लेने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग को सरकारी प्रयासों के साथ ही सीएसआर एवं एनजीओं के सहयोग से राज्य में मातृत्व स्वास्थ्य में सुधार के लिए एक प्रभावी एवं ठोस प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# जाली जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों के मामलों में कड़ी कार्रवाई के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने राज्य में चल रहे जन्म-मृत्यु पंजीकरण कार्य की सचिवालय में सभी संबंधित विभागों के साथ समीक्षा की। उन्होंने जाली प्रमाण-पत्रों के मामलों में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सीएस ने आम जनता के लिए जन्म-मृत्यु पंजीकरण प्रक्रिया अत्यन्त सरल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं स्कूल में दाखिला, विधवा पेंशन प्राप्त करने, जीवन बीमा की राशि लेने आदि के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं। सीएस ने कहा कि कभी-कभी कुछ लोग जालसाजों के झांसे में आकर मोटी धनराशि देकर जाली प्रमाणपत्र प्राप्त कर लेते हैं। जिन्हें बाद में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जन्म मृत्यु पंजीकरण की भारत सरकार की अधिकारिक वेबसाइट से मिलती जुलती जाली वेबसाइट के मामले भी संज्ञान में आए हैं। उन्होंने कहा कि जालसाजों से सचेत रहने की जरूरत है। भारत सरकार द्वारा एक नया सुदृढ़ पोर्टल (dc-crsorgi-gov-in) लॉच कर दिया गया है। इसके माध्यम से परिवार का कोई भी सदस्य पोर्टल पर अपनी आईडी बनाकर परिवार में होने वाले जन्म-मृत्यु पंजीकरण के लिए घर बैठे आवेदन कर सकता है। बैठक में सचिव स्वास्थ्य, जनगणना निदेशक, अपर सचिव स्वास्थ्य के अलावा स्वास्थ्य निदेशालय, पंचायती राज, राजस्व विभाग, शहरी विकास, उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल, अर्थ एवं संख्या निदेशालय एवं जनगणना कार्य निदेशालय भारत सरकार आदि के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# ज्योलिंगकांग व ओम पर्वत मार्गों पर नई पुलिस चौकियां स्थापित होंगी

पिथौरागढ़। एडीजी (प्रशासन) एडीजी प्रशासन अमित सिन्हा द्वारा सोमवार को जनपद पिथौरागढ़ के चीन सीमा से लगे हुए थाना गुंजी तथा थाने के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान थाने के कर्मचारियों से उनकी समस्याएं व सुझावों के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा उनका समाधान करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान उन्होंने ज्योलिंगकांग व ओम पर्वत मार्गों पर स्थित



गावों के लोगों से भी मुलाकात कर उनका हाल जाना तथा बताया कि बढ़ते हुए पर्यटन को देखते हुए ज्योलिंगकांग व ओम पर्वत मार्गों पर नई पुलिस चौकियां स्थापित करने हेतु प्रस्ताव भेजा जायेगा। पुलिस कर्मियों को विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों- आर्मी, एसएसबी, आईटीबीपी, आईबी, स्पेशल ब्यूरो, एलआईयू आदि के साथ समन्वय बनाकर बॉर्डर क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु निर्देश दिये गये। इस दौरान एसएचओ धारचुला श्री कुंवर सिंह रावत, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस दूरसंचार श्री प्रदीप कुमार, थानाध्यक्ष गुंजी श्री मनोज कुमार व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# स्प्रिंग एंड रिवर रिजूविनेशन प्राधिकरण समिति की बैठक आयोजित

## प्रदेशभर में उपचार हेतु अभी तक कुल 5428 जलस्रोत चिन्हित किए गए

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में स्प्रिंग एंड रिवर रिजूविनेशन प्राधिकरण उत्तराखण्ड की राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति की प्रथम बैठक आयोजित हुयी। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ने स्प्रिंग एंड रिवर रिजूविनेशन प्राधिकरण के गठन के उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए सभी सम्बन्धित विभागों को आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सूख रहे जलस्रोतों, नदियों एवं जलधाराओं का शीघ्रातिशीघ्र चिन्हीकरण के साथ साथ उपचारात्मक कार्य शीघ्र शुरू कर परियोजना के मूल्यांकन के लिए मैकेनिज्म तैयार किया जाए।उन्होंने राज्य एवं जिला स्तर पर प्राधिकरण के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों का श्रेणीकरण करते हुए प्रत्येक वर्ष के लिए लक्ष्य निधारित करने और इस वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक कार्ययोजना अगले एक माह में तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने परियोजनाओं के लिए जनपदों को समय पर बजट आवंटित किए जाने और साथ ही योजनाओं के ससमय क्रियान्वयन के लिए कैलेण्डर तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए। इस बैठक के दौरान समिति द्वारा प्रथम चरण में दीर्घावधिक उपचार हेतु प्रदेश की 5 नदियों सौंग (देहरादून-टिहरी), पूर्वी एवं पश्चिमी नयार (पौड़ी), शिप्रा (नैनीताल) एवं गौड़ी (चम्पावत) को चयनित किया गया। बैठक के दौरान अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती नीना ग्रेवाल ने बताया कि प्रदेश में अप्रैल 2024 से अगस्त 2024 तक जल संरक्षण अभियान आयोजित किया जा रहा है, साथ ही 10 जून से 16 जून 2024 तक जल उत्सव सप्ताह का भी आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में उपचार हेतु अभी तक कुल 5428 जलस्रोत चिन्हित किए गए हैं। इस अवसर पर राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति के सदस्यों सहित सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।



# रिश्वत लेते असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी को रंगे हाथों पकड़ा

देहरादून। असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी दुबे को विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी शशिकांत दुबे को 75000 की रिश्वत लेते हुए विजिलेंस की टीम ने पकड़ा है।राजपुर रोड पर छह महीने खुले एक रेस्ट्रो मालिक से शशिकांत दुबे ने रिश्वत मांगी थी। रेस्ट्रो मालिक को आज 75 हजार रुपए लेकर बुलाया था। तभी विजिलेंस की टीम ने दुबे को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। लक्ष्मी रोड स्थित ऑफिस से दुबे की गिरफ्तारी हुई। जबकि कैनाल रोड स्थित घर पर भी विजिलेंस ने छापा मारा।भ्रष्टाचार की रोकथाम को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देशों पर टोल फ्री 1064 नंबर भी जारी किया गया है। इस मुहिम के तहत यदि किसी भी सरकारी विभाग में कोई कर्मचारी, अधिकारी आम जनता से किसी भी तरह की रिश्वत मांगता है तो 1064 टोल फ्री नंबर पर कॉल कर शिकायत की जा सकती है। शिकायत करने वाले का नाम एवं नंबर गुप्त रखा जाएगा।

# उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार में जुटेंगे भाजपा के दिग्गज नेता

देहरादून। बदरीनाथ और मंगलौर सीट के उपचुनाव में 26 जून को नाम वापसी के बाद भाजपा के स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम दोनों क्षेत्रों में शुरू हो जाएंगे। भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि बदरीनाथ सीट पर कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत, भरत सिंह रावत अन्य विधायकों के साथ प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। वहीं गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी 3 जुलाई के बाद बदरीनाथ सीट पर मोर्चा संभालेंगे। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा वहां 3 से 5 जुलाई तक दौरा करेंगे। इसके साथ ही डॉ निशंक एवं त्रिवेंद्र सिंह रावत के दौरे भी निश्चित हो गए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी एवं केंद्र से आने वाले प्रचारकों के कार्यक्रमों को लोकसभा प्रभारी अंतिम रूप दे रहे हैं।

# आपदा के दौरान इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम पर प्रशिक्षण आयोजित

देहरादून(उद संवाददाता)। आगामी मानसून तथा चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों तथा विभिन्न रेखीय विभागों के लिए इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम पर प्रशिक्षण आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के प्रो. शेखर चतुर्वेदी ने वर्चुअली संबोधित करते हुए आपदा के समय आईआरएस के महत्व और उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आईआरएस एक ऐसी एकीकृत व्यवस्था है, जिसके माध्यम से आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों को बेहतर तरीके से संचालित करने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि सभी विभागों की भूमिका भी स्पष्ट है, इसलिए आपदा के समय बहुत बेहतर तरीके से रिसोर्स मैनेजमेंट किया जा सकता है। विभिन्न संसाधनों को किस तरीके से जुटाया जाता है और कैसे उन्हें मौके पर भेजकर राहत और बचाव किया जाता है, इसके लिए एक फुलप्रूफ व्यवस्था बनाई गई है। प्रो. शेखर चतुर्वेदी ने कहा कि आपदा के समय उत्तराखण्ड के साथ ही अन्य पहाड़ी राज्यों के लिए आईआरएस सिस्टम बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। आपदा के दौरान क्षेत्राधिकार को लेकर जो भी जटिलताएं और समस्याएं सामने आती हैं, उनका समाधान भी आईआरएस में किया गया है और यह सुनिश्चित किया गया है कि क्षेत्राधिकार के विवादों के कारण आपदा प्रबंधन के साथ ही राहत और बचाव कार्यों में व्यवधान न हो। उन्होंने कहा कि 16 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक आईआरएस को नोटिफाई नहीं किया है। उन्हें जल्द आईआरएस को नोटिफाई कर इसे अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान कार्य करने वाले सभी विभागों के लिए आईआरएस बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। प्रशिक्षण में यूएसडीएमए के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (क्रियान्वयन) राजकुमार नेगी, अधिशासी निदेशक डॉ. पीयूष रौतेला, एसईओसी के प्रभारी राहुल जुगरान, यूएसडीएमए के विशेषज्ञ मनीष भगत, डॉ. वेदिका पंत, रोहित कुमार, डॉ. पूजा राणा, जेसिका टेरोन, तंद्रीला सरकार, हेमंत बिष्ट, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी, एसईओसी में तैनात विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।





# दिल्ली में होगी उत्तराखंड के भाजपा नेताओं की बैठक

## मंत्रिमंडल विस्तार और दायित्व बंटवारे को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू

देहरादून(उद संवाददाता)। भाजपा की बड़ी बैठक आज दिल्ली में होने जा रही है। दिल्ली में होने वाली बैठक को बेहद ही अहम माना जा रहा है। इस बैठक में मंत्रिमंडल विस्तार और दायित्व बंटवारे को लेकर चर्चा हो सकती है। इसके साथ ही प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई हैं।भारतीय जनता पार्टी की आज दिल्ली में बड़ी बैठक होने जा रही है। भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष बैठक लेंगे। आज होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी मौजूद रहेंगे। ये बैठक केंद्रीय राज्य मंत्री और अजय टम्टा के आवाज पर होगी। आज होने वाली बैठक को बेहद ही अहम माना जा रहा है।बता दें कि दिल्ली में होने वाली इस बैठक में उत्तराखण्ड के सभी लोकसभा और राज्यसभा सांसद भी बैठक में मौजूद रहेंगे। बैठक में आगामी चुनावों की रणनीति पर चर्चा होगी। इसके साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार और दायित्व बंटवारे को लेकर भी बैठक में चर्चा हो सकती है। दिल्ली में आज होने वाली बैठक की खबर के बाद से ही चर्चाओं के बाजार गर्म हैं। मंत्रिमंडल विस्तार होने की अटकलें तेज हो गई हैं। इसके साथ ही दायित्व बंटवारे की बात भी की जा रही है। दिल्ली में बैठक में सीएम धामी भी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही सीएम धामी पीएम मोदी से भी मुलाकात कर सकते है। जिस कारण उनका ये दिल्ली दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि नई दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा के आवास पर मंगलवार को अहम बैठक होने जा रही है, जिसमें लोकसभा चुनाव परिणाम, पार्टी के आगामी कार्यक्रम, उपचुनाव आदि विषयों पर महत्वपूर्ण बैठक होगी। बैठक में मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष समेत सभी सांसद शामिल होंगे। जहां उपचुनाव की रणनीति को अंतिम रूप देने के अलावा आने वाले निकाय एवं पंचायत चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

# खेत में ग्राम प्रधान की पत्नी का शव मिलने से सनसनी

रूड़की। रुड़की में नारसन ब्लॉक के ग्राम प्रधान की पत्नी का शव खेत में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। महिला पर किसी जंगली जानवर के हमले की आशंका जताई जा रही है। महिला के गले में किसी जानवर के पंजों के निशान मिले हैं, जबकि पास में ही पढ़कर साइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। उन्होंने एक महिला का शव सड़क किनारे पड़ा देखते ही शोर मचाते हुए ग्रामीणों को जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को रुड़की सिविल अस्पताल भेजा। महिला की गर्दन पर निशान बताए



एक कुत्ते का शव भी बरामद हुआ है। नारसन ब्लॉक के प्रधान मांगेराम की पत्नी मिसरा देवी (48) ने झबीरण गांव की ओर जाने वाले मार्ग के पास खेत में सब्जी आदि उगाई है। रोजाना की तरह सोमवार की शाम को वह खेत से सब्जी लेने गई थी। शाम के समय झबीरण निवासी कुछ युवक मंगलौर से ट्यूशन जा रहे हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि महिला पर किसी जंगली जानवर ने हमला किया होगा। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर एक कुत्ता भी मृत मिला है। उसकी गर्दन पर भी किसी जानवर के पंजों के निशान हैं। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# सैन्य छावनी में वाहन की चपेट में आने से जवान की मौत

चंपावत(उद संवाददाता)। चंपावत में स्थित सैन्य छावनी में वाहन की चपेट में आने से सेना के एक जवान की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जवान लिफ्टर वाहन की चपेट में आया था। जिस से ये हादसा हो गया। चंपावत जिला मुख्यालय में स्थित सैन्य छावनी में एक जवान की लिफ्टर वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक जवान लिफ्टर वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। जवान को निजी



अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अजय कुमार (29) पुत्र ईश्वर निवासी गोटीटोला चराम निवासी छत्तीसगढ़ बड़े वाहन से टायर उठाने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक ढलान होने के कारण वाहन पलट गया। जवान ने बचने के लिए वाहन से कूदने की कोशिश की लेकिन वो वाहन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल घायल जवान को सेना के वाहन से निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। जहां इलाज के दौरान जवान की मौत हो गई।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुध्द आयुर्वेदिक पध्दति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# बाईक खाई में गिरने से सेना के मेजर समेत दो लोगों की मौत

उत्तरकाशी। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर डीएम स्लाइड गंगनानी के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस व एसडीआरएफ के जवानों ने दोनों के शव को खाई से निकाला, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतकों में से एक के पास से मिले आईकार्ड से पता चला है वह सेना में मेजर थे।जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर गंगोत्री हाईवे पर डीएम स्लाइड के पास दोपहर करीब 12:55 बजे एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 150 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मशक्कत कर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों के शवों को खाई से बाहर निकालकर सड़क मार्ग तक पहुंचाया। मृतकों की पहचान आशीष मिश्रा (47) पुत्र अंबिका प्रसाद मिश्रा निवासी पारसी मोहल्ला इंदौर और कछड़िया मीत (26) पुत्र अश्विन भाई निवासी सूरत गुजरात के रूप में हुई हैं। वहीं, आशीष मिश्रा के पास से मिले आईकार्ड से पता चला है कि वह सेना में मेजर थे। हालांकि पुलिस की ओर से इसकी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों ही लोग गंगोत्री धाम जा रहे थे। हादसा इतना भयावह था कि बाइक के खाई में गिरते ही हेलमेट भी चकनाचूर हो गया था।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाय नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444



# पंचायत चुनाव हरिद्वार के साथ कराए जाने की मांग

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के आह्वान पर, ग्राम प्रधान संगठन ने प्रदेश के 12 जनपदों के पंचायत चुनाव, हरिद्वार के साथ कराए जाने की मांग की। ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर सम्मल ने कहा कि देश में एक राज्य एक चुनाव की भावना फलीभूत करने के लिए, सरकार द्वारा पूर्व राष्ट्रपति की उपस्थिति में एक कमेटी का गठन किया गया था। जिसकी रिपोर्ट राष्ट्रपति को दे दी गई है, परंतु उत्तराखंड में एक राज्य एक पंचायती चुनाव की अवधारणा उत्तर प्रदेश से अलग होने के बाद भी प्रदेश में एक साथ चुनाव नहीं हो पा रहे हैं। जिसको लेकर ग्राम प्रधान संगठन द्वारा मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री को, खंड विकास अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें एक राज्य एक पंचायती चुनाव की अवधारणा को सफल तथा 12 जनपदों के चुनाव हरिद्वार जनपद के साथ कराए जाने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की मांगे पूरी न होने की स्थिति में ग्राम प्रधान संगठन आने वाली 1 जुलाई को, जिलाधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे,जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# 110 पाउच कच्ची शराब समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर। टांडा उज्जैन चौकी पुलिस ने क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर छापामार कार्यवाही करते हुए अवैध कच्ची शराब की तीन कारोबारियों को दबोच कर उनके कब्जे से 110 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब कारोबारियों का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि टांडा उज्जैन चौकी इंचार्ज मनोज जोशी एस आई कंचन पलाडिया के साथ हमराहियों को लेकर कोयले की रैक के समीप रेलवे क्रॉसिंग के आसपास आधा दर्शन स्थानों पर ताबड़तोड़ छापामारी करते हुए जाटव सभा टांडा उज्जैन निवासी राम उजागर पुत्र रामधारी को बोकरी के खोखे के समीप संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए शक के आधार पर दबोच कर तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 30 पाउच कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह पुलिस टीम ने कुमाऊं कॉलोनी कचनाल गाजी निवासी बलबीर नामक शख्स को हरगनिया कॉलोनी में कोयले की रैक के पास से दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 50 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह हरगनिया कॉलोनी टांडा उज्जैन निवासी राजू पुत्र मनीराम के कब्जे से 30 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। इस तरह पुलिस में पकड़े गए तीनों शराब कारोबारी के कब्जे से कुल 110 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब कारोबारियों का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

# नीट परीक्षा की हो जांच : अभिनव

गदरपुर(उद संवाददाता)। नीट पर्चा लीक के बारे में अभिनव छाबड़ा पुत्र अजय छाबड़ा का कहना है कि नीट नह रद्द नहीं होनी चाहिए बल्कि इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए इसमें रैंकिग की भी जांच होनी चाहिए और जो बच्चे



इस जांच में संलिप्त पाए जाते है उन्ही की परीक्षा रद्द होनी चाहिए न कि दूसरों की। अभिनव छाबड़ा ने नीट यूजीसी स्कोर 647/720 प्राप्त किया । अभिनव ने आकाश इंस्टीट्यूट रूद्रपुर से कोचिंग प्राप्त की उससे पूर्व भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल से कक्षा 12 पास किया उन्होंने बताया कि प्रथम प्रयास में ही उन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण की। उनका कहना है कि कोई किसी प्रकार का अपराधी होता है तो उसे उसके अपराध की सजा अवश्य मिलनी चाहिए ना कि दूसरों को अगर सरकार नीट की परीक्षा दोबारा कराती है तो मेहनती व ईमानदार बच्चों का मनोबल टूट जाएगा । इसलिए नीट की परीक्षा दोबारा करवाने की बजाय इसकी उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है।

# एडवोकेट मोहन पांडे का निधन

नैनीताल (उद संवाददाता)। एडवोकेट मोहन चंद्र पांडे का दिल्ली में निधन हो गया वो 75 वर्ष के थे । एडवोकेट पांडे की पत्नी प्रो चित्रा पांडे कुमाऊं विश्वविद्यालय की डीन फैकल्टी ऑफ साइंस है ।एडवोकेट पांडे की एक पुत्री तथा एक पुत्र है। एडवोकेट पांडे समाज के साथ लगातार कार्यरत रहे । वो कुमाऊं विश्वविद्यालय की कार्य परिषद के सदस्य रहे तथा बार एसोसिएशन में भी सक्रिय रहे ।उनके निधन को कूटा ने दुखद बताया है एडवोकेट पांडे का अंतिम संस्कार रानीबाग में गमगीन माहौल में किया गया। उनके निधन पर कूटा अध्यक्ष प्रो ललित तिवारी ,महासचिव डॉक्टर विजय कुमार ,उपाध्यक्ष प्रो नीलू लोधियाल ,डॉक्टर दीपक कुमार ,डॉक्टर संतोष ,डॉक्टर दीपाक्षी जोशी ,डॉक्टर दीपिका गोस्वामी सहित डॉक्टर पैनी जोशी ,डॉक्टर गीता तिवारी ,प्रो पुष्पा जोशी ,डॉक्टर महेश आर्य ,डॉक्टर मनोज धूनी ,डॉक्टर युगल जोशी ,डॉक्टर रितेश साह ,डॉक्टर गिरीश खर्कवाल ,डॉक्टर संदीप मैंडोली ,डॉक्टर नवीन पांडे डॉक्टर हिमानी कार्की ,डॉक्टर हर्ष चौहान ने गहरा दुख एवम शोक व्यक्त किया है ।

# विद्युत फॉल्ट ठीक करने के दौरान करेंट से एक की मौत

रामनगर (उद संवाददाता)। ग्राम छोई क्षेत्र में बिजली के तारों में चिंगारी निकलने की शिकायत पर ठेकेदार का कर्मचारी सतपाल गिरी निवासी ग्राम खुशहालपुर ग्राम छोई में स्थित समसारा रिसोर्ट के समीप पहुंचा था इसी बीच बताया जाता है कि बिजली लाइन चेक करने के दौरान लोहे की ग्रिल में करंट आने के चलते सतपाल बिजली के करंट की चपेट में आ गया। साथ में मौजूद अन्य कर्मचारियों ने तुरंत उसे उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना के संबंध में विभाग के जेई होशियार सिंह भंडारी ने बताया कि मृतक कर्मचारी सतपाल उक्त इलाके से मिली शिकायत पर यहां आया था जिसे लाइन चेक करने के दौरान करंट लग गया उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है साथ उन्होंने यह भी कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# वित्तीय अनियमितताओं वाली 29 सहकारी समितियों की एसआईटी जांच करने के आदेश

## सहकारी समितियों में भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : धन सिंह

देहरादून। उत्तराखंड में वित्तीय अनियमितता पर सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने 29 सहकारी समितियों के खिलाफ एसआईटी जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री ने कहा, समितियों के वित्तीय लेन-देन में गड़बड़ी करने वाले विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को भी किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। समितियों में कम्प्यूटराइजेशन के बाद बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। सहकारी समितियों में भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभागीय जांच में जिन सहकारी समितियों में वित्तीय अनियमितता और गबन के मामले आए हैं। उन समितियों के खिलाफ एसआईटी जांच की जाएगी। विभाग को इसके लिए अनुमोदन दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि समय-समय पर उन्हें विभिन्न माध्यमों से सहकारी समितियों में वित्तीय लेन-देन में गड़बड़ी की सूचनाएं मिल रही थीं। जिस पर पूर्व में विभागीय जांच के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। डॉ. रावत ने बताया कि पहले चरण में विभागीय जांच में प्रदेशभर की कई समितियों में वित्तीय



गड़बड़ी और गबन के मामले सामने आये। जिसमें पौड़ी जिले में डाण्डामंडी व चांदपुर एम्पैक्स, देहरादून जनपद में विकासनगर, त्यूणी, दसऊ व भानियावाला एम्पैक्स, रूद्रप्रयाग में दैड़ा बहुउद्देश्यीय साधन सहकारी समिति, टिहरी में मेगाधार (भिलंगना), बड़कोट (जाखणीधार), सांदणा (जाखणीधार), पडिया, रौणिया (प्रतापनगर) एम्पैक्स, अल्मोड़ा में फलसीमा व भवाली एम्पैक्स, हरिद्वार में बहुउद्देश्यीय किसान सेवा सहकारी समिति बेल्डा, मंगलौर पूर्वी, खेलपुर, बहुउद्देश्यीय साधन सहकारी समिति जवाहरखान, खेडी सिकोहपुर, जवाहरखान मौ. बुजुर्ग, धनपुरा, बहुउद्देश्यीय प्रारम्भिक कृषि ऋण सहकारी समिति सलेमपुर, चमोली में मसोली एम्पैक्स, उत्तरकाशी में जखौल एम्पैक्स, नैनीताल में ल्योलीकोट व सुयालवाड़ी और ऊधमसिंह नगर में फौजीमटकोटा किसान सेवा सहकारी समिति, रूद्रपुर शामिल है। उन्होंने बताया कि जांच में समितियों के वित्तीय लेन-देन में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी दोषी पाया गया। जिनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने एवं गबन की गई धनराशि को ब्याज के साथ वसूलने के निर्देश दे दिए गए हैं। डॉ. रावत ने कहा कि सहकारिता विभाग आम लोगों से जुड़ा विभाग है। इन समितियों के साथ ही अन्य जिन समितियों में गड़बड़ी सामने आएगी उनकी एसआईटी जांच की जाएगी। ताकि घोटाले और घपलेबाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर समितियों का संचालन पारदर्शिता से किया जा सके और आम लोगों को सहकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके।

# भाजपा नेता अनिल जोशी की ट्रेन में हार्ट अटैक से मौत

हल्द्वानी। सोमवार सुबह लालकुआं रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर डेमू ट्रेन संख्या 05351 आकर रुकी। इस दौरान ट्रेन में एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना पर पहुंचे रेलवे सुरक्षा बल के कांस्टेबल श्याम सिंह बोरा और दिनेश सिंह राणा ने शव को ट्रेन से नीचे उतारा। ट्रेन में सवार सहयात्रियों ने बताया कि हार्टअटैक के कारण उक्त व्यक्ति की मौत हुई है। शव की शिनाख्त अनिल कुमार जोशी (63) पुत्र राजकुमार जोशी निवासी नंदपुर नरकाटोपा, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) के रूप में हुई। सूचना पर पहुंचे मृतक के भाई ललित कुमार जोशी ने बताया




कि अनिल बलरामपुर (यूपी) अपने बेटे के यहां गए थे। उनका बेटा अल्ट्राटेक कंपनी में कार्यरत है। वहां से वापसी के दौरान वह पंतनगर रेलवे स्टेशन से बाजपुर के लिए डेमू ट्रेन में सवार हुए थे। इस बीच रास्ते में हार्टअटैक से उनका निधन हो गया। उन्होंने बताया कि अनिल कुमार जोशी का एक बेटा और बेटी है, दोनों की शादी हो चुकी है। इधर घटना की खबर मिलते ही उनकी पत्नी स्नेहा जोशी का रो-रो कर बुरा हाल है। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे ने बताया कि अनिल कुमार जोशी भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता थे। उन्होंने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इधर जीआरपी के अपर उपनिरीक्षक दिगंबर प्रसाद खंडूरी ने कहा कि जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया है।

# सड़कों पर आई व्यापार मण्डल की खींचतान

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर व्यापार मंडल को लेकर चल रही पदाधिकारियों की खींचतान अब सड़कों पर उतर आई है। इसके चलते युवा शक्ति कार्यकर्ता एवं व्यापारियों ने व्यापार मंडल चुनाव समिति के सदस्य राजेंद्र अरोड़ा को ज्ञापन दिया। व्यापारियों की मांग थी कि नगर में होने वाले व्यापार मंडल चुनाव में निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ चुनाव कराए जाएं एवं पूर्व पदाधिकारी से मांग की कि वह पिछले वर्षों का व्यापार मंडल के कोष से खर्च हुए धन का विवरण भी व्यापारियों के समक्ष प्रस्तुत करें। युवा शक्ति प्रमुख सोनू गुप्ता ने कहा कि व्यापारी मिलकर अपना एक व्यापार



मंडल अध्यक्ष महामंत्री और कोषाध्यक्ष चुनते हैं जिससे व्यापारियों के हितों की बात वह लोग रखें और व्यापारी यदि उनमें कुछ त्रुटि पाता है या कोई सवाल करता है तो उसका भी सही जवाब मिले परंतु कुछ दिनों से कुछ पदाधिकारी अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैं और सवाल करने पर व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर जाकर गाली गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। कल पूर्व महामंत्री विजय अरोड़ा के द्वारा व्यापारी राजीव अग्रवाल को उनके प्रतिष्ठान पर जाकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। संगठन व व्यापारी उनकी इस हरकत की कड़ी निंदा करते हैं एवं यह मांग करते हैं कि वह सार्वजनिक तौर पर राजीव अग्रवाल से माफी मांगे। जिला व्यापार मंडल से मांग करते हैं की इनकी आजीवन सदस्यता समाप्त की जाए। इस अवसर पर राम अवतार अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, संदीप बाबा, शिव कुमार मित्तल, अर्जुन खानायत ,आशीष वर्मा, पंकज कुमार, मनोज गुप्ता , अंकुर गर्ग इत्यादि लोग मौजूद थे।

# विजय अरोड़ा ने आरोपों को बताया निराधार

किच्छा(उद संवाददाता)। निवर्तमान व्यापार मंडल महामंत्री विजय अरोड़ा ने एक संगठन द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि राजीव अग्रवाल उनके मित्र हैं। वह तो राजीव अग्रवाल जी के प्रतिष्ठान पर अपने मोबाइल का कवर लेने के लिए गए थे जहां पर उनकी राजीव अग्रवाल से संगठन के संबंध में लंबी वार्ता हुई अभद्र भाषा जैसी कोई भी टीका टिप्पणी उनके द्वारा नहीं की गई केवल संगठन के संबंध में विचार विमर्श होता रहा जिसमें उनके द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब के लिए उन्होंने ने कहा कि नगर अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष से वार्ता कर लेखा जिला मांगे जाने की बात कही गई थी किंतु राजीव अग्रवाल जी द्वारा थोड़ी बहुत बहस के बाद वह अपना मोबाइल सामान



लेकर के वापस आ गयाथा। उन्होंने यहां भी कहा कि यदि राजीव अग्रवाल यह सिद्ध कर दें कि मैंने उनके साथ अभद्रता की है तो वह किसी भी मंच पर उनको गले लगाने के लिए तैयार हैं जबकि वे मेरे परम मित्र शुरू से ही रहे अचानक आरोप प्रत्यारोप किस कारण उपज गए यह कह पाना स्पष्ट नहीं है।हालांकि व्यापार मंडल का लेखा जोखा लिखित रुप में मांगने संबंधी बात उनके द्वारा राजीव अग्रवाल से कही गई थी।

# लापता छात्राओं के परिजनों से मिले विधायक सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश ने जवाहारनगर से लापता हुई दोनों छात्राओं के परिवारजनों



से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया की इस दु:ख की घड़ी में वह और पूरा कांग्रेस परिवार उनके साथ खड़ा हैं। उन्होंने कहा कि वह पुलिस और प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं। परिवारजनों के सामने भी पुलिस कप्तान से फोन पर वार्ता कर यथास्थिति का जायजा लिया। विधायक सुमित ने ईश्वर से प्रार्थना की कि हमारी दोनों बच्चिया सकुशल, सुरक्षित घर लौट आये और इस मामले में लिप्त दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही हो।साथ ही साथ इस प्रकरण को लेकर जो भी लोग राजनीति कर रहे हैं उनसे कहना चाहता हूँ कि बेटीयो के लिए न्याय मंगाना बहुत ही अच्छी बात पर है। अगर यही लोग हमारी उत्तराखण्ड की बेटी अंकिता भंडारी हत्या कांड की सीबीआई जाँच के लिए भी न्याय माँगते और नैब में जो बच्चियों के साथ शोषण हुआ उस वक्त यह सब लोग मौन थे। इससे साफ प्रतीत हो रहा है ये लोग सिर्फ विवाद खड़ा करना चाहते हैं। पीड़ित परिवार जन भी इस विवाद के समर्थन में नहीं है। कांग्रेस के लोग हमेशा सड़क से लेकर सदन तक बेटियों के साथ हुए अत्याचार पर आवाज उठाते रहे है और आगे भी उठाते रहेंगे।

# धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों को हटाने की मांग

रामनगर(उद संवाददाता)।विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सीओ कार्यालय पहुंचकर पुलिस क्षेत्र अधिकारी भूपेंद्र सिंह भंडारी को ज्ञापन सौंपा। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष सूरज चौधरी के नेतृत्व में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने सोपे ज्ञापन में कहा कि नगर व आसपास के इलाकों में स्थित विशेष समुदायों की धार्मिक इमारतों पर लाउडस्पीकर लगा कर उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की जा रही है उन्होंने कहा कि संबंध में संगठन द्वारा पूर्व में भी कई बार कोतवाली पुलिस को लिखित रूप से अवगत कराते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की गई है लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है उन्होंने कहा कि यदि तीन दिन के भीतर इन लाउडस्पीकरों को नहीं हटाया गया तो कार्यकर्ता भवानीगंज स्थित भगत सिंह चौक पर धरना प्रदर्शन करने के लिए



मजदूर होंगे वही मामले में पुलिस क्षेत्राधिकार भूपेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर बजाए जाने को लेकर पूर्व में उच्च न्यायालय के आदेश पर अभियान चला कर कई स्थानों से लाउडस्पीकर हटाने की कार्रवाई की जा चुकी है उन्होंने कहा कि आज जो ज्ञापन कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया है उसे संबंध में कोतवाल को निर्देशित कर एक टीम का गठन करते हुए शीघ्र लाउडस्पीकर हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

# अब भक्तों को चीन जाने की जरूरत नहीं : सतपाल महाराज

## पर्यटन मंत्री ने ओल्ड लिपुलेख पास से किए कैलाश पर्वत के दर्शन

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने ओल्ड लिपुलेख के पास से कैलाश पर्वत के दर्शन किए हैं। 18 हजार फीट की ऊंचाई पर पहुंचकर कैलाश के दर्शन करने के बाद मंत्री ने शिव भक्तों को संदेश दिया है कि महादेव के निवास कैलाश पर्वत के दर्शन के लिए अब उन्हें चीन जाने की आवश्यकता नहीं है। प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज पिथौरागढ़ भ्रमण के तहत धारचूला, गुंजी नाभीढांग (ओम पर्वत) होते हुए सोमवार को जोलिंगकोंग पहुंचकर ओल्ड लिपुलेख पास की चोटी पर पहुंचकर भगवान शिव के निवास कैलाश के दर्शन कर पूजा अर्चना की। वह प्रदेश के पहले ऐसे कैबिनेट मंत्री हैं, जिन्होंने पिथौरागढ़ स्थित ओल्ड





लिपुलेख पास की 18,000 फीट की ऊंचाई पर पहुंचकर कैलाश के दर्शन किए हैं। उन्होंने संदेश दिया कि अब भक्तों को चीन जाने की जरूरत नहीं है, वह भारत भूमि उत्तराखंड में आकर भी कैलाश के भव्य और दिव्य दर्शन कर सकते हैं। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी और पूर्व कैबिनेट मंत्री अमृता रावत भी मौजूद रहीं। महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 12 अक्तूबर की सुबह जब से आदि कैलाश के दर्शन किए, तब से बड़ी संख्या में शिव भक्त जोलिंगकोंग पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी यहीं से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कर योग के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि 2019 से कैलाश मानसरोवर यात्रा बंद होने के कारण शिव भक्त कैलाश पर्वत के दर्शन नहीं कर पा रहे थे। इसलिए सरकार ने तय किया कि वह ओल्ड लिपुलेख पास से उन्हें कैलाश के दर्शन करवाएगी। ओल्ड लिपुलेख पास की पहाड़ी के ऊपर से पवित्र कैलाश पर्वत के दिव्य दर्शनों के दौरान महाराज के साथ भारतीय सेना, आईटीबीपी और पुलिस के कई जवान भी मौजूद थे।

# भागवत कथा सुनने से होती है मनोकामनाएं पूरी: आचार्य नीरजा





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री अनंत प्रेम आश्रम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन की शुरुआत भागवत आरती और प्राणियों के कल्याण के लिए विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई।कथा व्यास नीरजा शरणार्थी ने कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा को सुनने के बाद हम जो भी मांगते हैं वह हमें कथा अमृत से प्राप्त होता है। लोग कहते हैं कि उसे मिला है हमें क्या मिला है वह अमीर है और हम गरीब हैं। उन्होंने कहा कि जब आप कुछ कर्म करोगे तभी आपको उसका फल मिलेगा। बिना करें कुछ भी प्राप्त नहीं होता है। जैसे बने हुए खाने को खाने के लिए हाथ को चलना पड़ता है वैसे ही यह भागवत कथा आपको सब कुछ दे सकती है। लेकिन उसके लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी भागवत कथा श्रवण करनी पड़ेगी। कथावाचक नीरजा शरणार्थी द्वारा द्वारा कथा का वृतांत सुनाते हुए कहा कि श्री कृष्णा दुखी है कि इस कलयुग के मानव का कल्याण कैसे हो। इस चिंता को देखते हुए राधा रानी ने कृष्ण से पूछा क्या आपने इन मानवों के लिए कुछ सोचा है तो प्रभु श्री कृष्ण ने बोला एक उपाय है कि हमारे यहां से कोई जाए और हमारी कथाओं का गायन कराए और जब हमारी कथाएं मानव सुनेंगे तो उनका कल्याण निश्चित हो जाएगा। भागवत वही अमर कथा है जो भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाई थी। कथा सुनना भी सबके भाग्य में नहीं होता है। जब भगवान भोलेनाथ से माता पार्वती ने अमर कथा सुनने की प्रार्थना की तो भोलेनाथ ने कहा कि आप जाएं पहले यह देखकर आओ की कैलाश पर्वत पर तुम्हारे या मेरे अलावा और कोई तो नहीं है। इस पर पार्वती माता पूरा कैलाश देखकर आई पर उनकी नजर शुक के अंडों पर नहीं पड़ी। भगवान भोलेनाथ ने पार्वती माता को जो अमर कथा सुनाई थी वह श्रीमद् भागवत कथा ही थी।लेकिन अमर कथा सुनने के मध्य में पार्वती माता को निद्रा आ गई थीं और वह कथा शुक ने पूरी सुन ली थीं।यह भी पूर्व जन्मों का पाप का प्रभाव होता है की कथा बीच में छूट जाती है। कथा व्यास नीरजा शरणार्थी ने बताया कि शुक द्वारा चुपके से अमर कथा सुन लेने के कारण जब भोलेनाथ ने उन्हें मारने के लिए दौड़ाया तो वह एक ब्राह्मणी के गर्भ में छुप गए थे। कई वर्षो बाद व्यास जी के निवेदन पर भगवान भोलेनाथ जी इस पुत्र के ज्ञानवान होने का वरदान देकर चले गए। व्यास जी ने जब शुक को बाहर आने के लिए कहा तो शुक ने कहा कि जब तक मुझे माया से सदा मुक्त होने का आश्वासन नहीं मिलेगा मैं बाहर नहीं आऊंगा। तब भगवान नारायण को स्वयं आकर यह कहना पड़ा था कि शुक आप आ जाओ आपको मेरी माया कभी नहीं लगेगी। यह आश्वासन मिलने पर शुक बाहर आए। यानी माया का बंधन उनको नहीं चाहिए था। लेकिन आज मानव को तो केवल माया का बंधन ही चारों ओर से वाधता फिरता है और इस माया के चक्कर में मानव धरती पर अलग-अलग योनि में जन्म लेता है। श्रीमद् भागवत कथा एक ऐसा सरल माध्यम है जो आपको इस जन्म मरण के चक्कर से मुक्त कर देगा और नारायण के धाम में सदा के लिए आपको स्थान मिलेगा। इस दौरान संत प्रेम निष्ठानंद बाई जी, पंडित लव कुश शास्त्री श्री धाम वृंदावन, जैन प्रॉपर्टीज, कमल जैन, कमल बंसल, श्रीमति अंजू बंसल, अरिहंत बंसल,चारुल बंसल, अंशिका, उजाला, आदीश,महक, सालिकराम बंसल, राधेश्याम बंसल, विष्णु बंसल, महेश बंसल, गोपेश बंसल, जसपाल अरोरा, खैराती लाल गगनेजा, सुभाष गगनेजा, चेतन, राजू हुडिया, शिवम, राजपाल, पुष्पा रानी, कीर्ति, प्रिया ,मानसी, कुंदन लाल अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, मनोज गोस्वामी, राधा रानी अग्रवाल, खैराती लाल गगनेजा आदि भक्त उपस्थित थे।

# अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूरा करें: डीएम




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदय राज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि 31 जुलाई तक जेजेएम की 333 योजनाओं मे से अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें एवं जल श्रोत संवर्धन के कार्यों को 15वा वित्त , मनरेगा के युगपतीकरण से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को जल उत्सव के तहत एवं हरेला मैं वृहद रूप से पौधारोपण व जल संरक्षण पर कार्य करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा वर्षा ऋतु के दृष्टिगत साफ पानी देने एवं नियमित वाटर सैंपल की जांच करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सितारगंज एवं खटीमा क्षेत्रों में विद्युत विभाग द्वारा विद्युत कनेक्शन न दिए जाने पर 28 जून तक विद्युत कनेक्शन दिए जाने एवं 30 जून तक 116 राजस्व ग्रामों में कनेक्शन का प्रमाणीकरण पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कॉस्ट ऑथेंटिकेशन के कार्य पूर्ण करें एवं नल जल मित्रो का प्रशिक्षण नियमित रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें स उन्होंने कहा कि अभी तक मात्र 65 प्रतिशत योजनाओं का ही जियो टेगिग परिलक्षित हुआ है , उसे शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने मैकेनिकल एवं सिविल कार्यों का 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समाचार पत्रों में प्रकाशित शिकायतों का निस्तारण शीघ्र करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन में 100 से ज्यादा शिकायतें लंबित है, उनका निस्तारण त्वरित गति से करना सुनिश्चित करें एवं स्वजल विभाग से कार्यों को हस्तगत करवाकर पेयजल कनेक्शन देना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि माव मुख्यमंत्री घोषणा को पूर्ण करना एवं थर्ड पार्टी एजेंसीज को योजना की क्व्ट देना सुनिश्चित करें तथा थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन को से प्राप्त रिपोर्ट पर एक हफ्ते में एक्शन टेकन रिपोर्ट भी देना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, परियोजना निदेशक अजय सिंह,नोडल जेजेएम मृदुला सिंह, ईई ज्योति पालनी,विधुत विजय सकरिया आदि संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# घर में सो रहे सगे युवक पर सगे भाईयों ने किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में सगे भाईयों ने अपने ही भाई पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर भाईयों ने पांच हजार की नगदी और मोबाइल भी लूट लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगायी है। पुलिस को दी तहरीर में राम लखन गिरी पुत्र रविन्द्र गिरी हाल निवासी तीन पानी डैम फुल्सुगा ट्रांजिट कैप ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करता है उसके दो भाई रामाशीष और आशीष फरीदाबाद में रहते हैं। 24 जून की वह कमरे में सो रहा था जबकि पत्नी छत पर सो रही थी तभी रात करीब 3 बजे बजे उसके भाई आशीष गिरी और रामाशीष गिरी घर में घुस आये और जान से मारने की नियत से लोहे की रॉड और बेल्ड से हमला कर दिया। हमले में उसे गंभीर चोटे आ आयी हैं, जब चिल्लाने का प्रयास किया तो उक्त दोनों ने मुंह गमछे से दबा दिया। बमुश्किल उसने दोनों से अपनी जान बचायी। दोनों हमलावरों ने मोबाइल और पर्स भी छीन लिया। पर्स में एटीएम कार्ड और लगभग 5000 रुपये की नगदी थी।

# वित्त मंत्री ने एसटीपी प्लांट का किया निरीक्षण



काशीपुर। उत्तराखंड सरकार के वित्त एवं शहरी विकास एव आवास , विधायी एव संसदीय कार्य मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल ने सोमवार अपने जनपद भ्रमण के दौरान काशीपुर पहुंचकर निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने अधिशासी अभियंता पेयजल निगम शिवम द्विवेदी से कार्य की धीमी गति होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग से दूरभाष पर वार्ता कर एसटीपी प्लांट में शीघ्र विद्युत संयोजन देने के निर्देश दिए ताकि कार्य तेजी से पूर्ण हो सके। उन्होंने अधिशासी अभियंता पेयजल को निर्देश दिए की वे आपसी समन्वय बना कर कार्य को शीघ्र पूर्ण करें। मा0 मन्त्री जी ने जुलाई माह में टीसीपी प्लांट के टेस्टिंग का कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए जिससे कि कार्य का संचालन निर्बाध रूप से चल सके। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भाजपा खिलेंद्र चौधरी, अध्यक्ष पीयूसी राम मेहरोत्रा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, महानगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल ,नगर निगम आयुक्त विवेक राय,उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, एएसपी काशीपुर अभय कुमार सिंह, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# चोरी की बाइक के साथ दो ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार



हल्द्वानी( उद संवाददाता) । मुखानी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान दो ऑटो लिफ्टरों को चोरी की मोटर साईकिल पर मौज मस्ती करते दबोच लिया। जानकारी के अनुसार दिरगपाल पुत्र रिशिपाल निवासी भदपुरा पोस्ट तिशुआ फरीदपुर बरेली हाल निवासी गोविंदपुर गढ़वाल चौकी आरटीओ, मुखानी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी मोटर साइकिल संख्या यूके 04 पी 5998 बुध बाजार से चोरी कर ली गई है। जिसके आधार पर थाने में मामला दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक बलवंत कंबोज के सुपुर्द की गयी।थानाध्यक्ष मुखानी पंकज जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम उनि बलवंत सिंह कंबोज, का. शंकर सिंह व प्रकाश सिंह द्वारा चोरी में संलिप्त 2युवकों को आरटीओ रोड पर पूरनपुर मोड़ से पंचायत घर की ओर मय मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता राहुल सक्सेना पुत्र स्वर्गीय जगदीश सक्सेना निवासी भौना कॉलोनी बाजपुर जिला उधम सिंह नगर तथा अमन रौहेला पुत्र सुनील रोहेला निवासी नमूना भट्ट पुरी बरहेनी थाना बाजपुर बताया। पुलिस ने उनके पास से चोरी की मोटर साइकिल संख्या यूके 04 पी 5998 बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।




उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# प्राकृतिक जलाशयों पर संकट

शहरी नियोजन की चपेट में आकर बहुत सारे प्राकृतिक जलाशय पहले ही अपना अस्तित्व खो चुके हैं, अब बचेखुचे संरक्षित जलाशयों पर जलवायु परिवर्तन का प्रकोप पड़ना शुरू हो चुका है। केंद्रीय जल आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश के डेढ़ सौ प्रमुख जलाशयों का स्तर घट कर महज इक्कीस फीसद रह गया है। भीषण गर्मी का असर सबसे अधिक दक्षिण भारत के जलाशयों पर देखा गया है, जहां बयालीस जलाशय हैं और उनमें जल की मात्रा घट कर सोलह फीसद तक रह गई है। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के दस जलाशयों में उनकी कुल क्षमता का अट्ठाईस फीसद जल रह गया है। यही हाल पूर्वोत्तर के तेईस जलाशयों का है, जिनमें उनकी कुल भंडारण क्षमता का करीब बीस फीसद पानी रह गया है। इसे लेकर जल आयोग की चिंता स्वाभाविक है। पहले ही बरसात कम होने की वजह से इन जलाशयों का पुनर्भरण संतोषजनक स्तर तक नहीं पहुंच पाया था, फिर पहाड़ों पर बर्फ कम गिरने के कारण पहाड़ी इलाकों के जलाशयों में पानी का स्तर लगातार घट रहा है। प्राकृतिक जलाशय अनेक शहरों के लिए पेयजल उपलब्ध कराने का प्रमुख स्रोत हैं। मगर समुचित रखरखाव और उनके जलस्रोतों का संरक्षण न हो पाने की वजह से उनमें बरसात का पानी भी समुचित रूप में नहीं पहुंच पाता। जलाशयों में बरसात का पानी ऊंचे इलाकों से पहुंचता है, मगर जब वहां बस्तियां बस जाती हैं, तो उनका जलस्रोत बाधित होता है। बहुत सारे जलाशयों का जल स्तर इसलिए भी घट रहा है। दूसरी सबसे बड़ी वजह पिछले कुछ वर्षों से तापमान में लगातार वृद्धि और बरसात का असंतुलित होना भी है। गर्मी की अवधि लंबी होने से पेयजल और दूसरे उपयोग के लिए पानी की खपत बढ़ रही है। ऐसे में जलाशयों का स्तर घटते जाने से उन पर निर्भर शहरों और बस्तियों में जलसंकट बढ़ने की आशंका गहराने लगी है। लंबे समय से सलाह दी जाती रही है कि प्राकृतिक जलाशयों के रखरखाव और उनके जलस्रोतों को अबाध बनाए रखने की योजनाएं बनानी होंगी। बरसात का पानी उन तक पहुंचता रहे और उनमें गाद वगैरह की सफाई होती रहे, तभी उनके पुनर्भरण की संभावना बनेगी।

# एनटीए द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं की जांच की मांग

## कमिश्नर कार्यलय के सामने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

नैनीताल(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्तर पर एनटीए द्वारा आयोजित की गई नीट यूजी की परीक्षाओं में धांधली व नेट जेआरएफ सहित अन्य परीक्षाओं में भी धांधली शिकायतों के बाद अब उत्तराखंड की एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं की भी जांच की मांग उत्तराखंड में उठने लगी है। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के विधानसभा अध्यक्ष पवन रावत व उत्तराखंड युवा एकता मंच के संयोजक पीयूष जोशी के नेतृत्व में कमिश्नर कार्यालय पहुंचे दर्जनों युवाओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्र-छात्राएं व बेरोजगार संघ के पदाधिकारी अपने तय कार्यक्रम के अनुसार कमिश्नर कार्यालय में ज्ञापन देने व एन०टी० ए० का पुतला दहन करने आए हुए थे परंतु कमिश्नर को ज्ञापन देने के बाद पुलिस अधिकारियों ने उनका पुतला यह कहकर छीन लिया कि पुतला दहन की परमिशन नहीं ली गई है। जिसको बेरोजगार संघ ने संवैधानिक अधिकारों का हनन बताया। इस दौरान उत्तराखंड युवा मंच के संयोजक पीयूष जोशी ने कहा कि पुतला यह कहकर छीन लिया गया कि पुतला दहन की परमिशन होना आवश्यक है परंतु पेपर लीक करने वाले माफियाओं द्वारा पेपर लीक किसकी इजाजत लेकर किया जाता है यह तय किया जाना भी आवश्यक है।संवैधानिक दायरे में जब लोगों को परमिशन लेकर विरोध करना पड़ता है,तो पेपर लीक करने वालों के लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जानी चाहिए। बेरोजगार संघ के पदाधिकारियों ने चिंता



व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा राज्य में आयोजित अन्य परीक्षाओं की भी जांच की जानी आवश्यक है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय स्टेनो तथा उच्च न्यायालय क्लर्क परीक्षाओं सहित एन टी ए द्वारा आयोजित हाल की परीक्षाओं में धांधली तथा अनियमितताओं का संदेह पैदा हुआ है। इन परीक्षाओं में बैठने वाले छात्र धोखाधड़ी के डर से जांच की मांग कर रहे हैं। साथ ही बेरोजगार संघ का मानना है कि इन परीक्षाओं की पारदर्शिता तथा निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई जांच आवश्यक है। बेरोजगार संघ के विधानसभा अध्यक्ष पवन रावत ने कहा कि राज्य की भर्ती परीक्षाओं को लेकर सीबीआई जांच की मांग को लेकर आज बेरोजगार संघ को लगभग 600 दिन पूरे होने को हैं परंतु राज्य सरकार सुनने को तैयार नहीं है उन्होंने केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य की सभी भर्ती परीक्षाओं व एनटीए द्वारा आयोजित हाईकोर्ट स्टेनो,हाई कोर्ट क्लर्क का आदि परीक्षाओं की जांच तत्काल सीबीआई को सौंपने की मांग की उन्होंने कहा कि अगर मांग पूरी नहीं होती तो जल्द एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान युवा एकता मंच के संयोजक पियूष जोशी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता किरण डालाकोटी ,बेरोजगार संघ के विस. सचिव कबीर शाह, विनीत कबडवाल, कार्यकारिणी सदस्य कार्तिक शाह, प्रदीप आर्या, तरुण कुमार, राहुल रावत, नितेंन्दर बिष्ट , संदीप सिंह,आकांशा राय, अनुष्का, छात्र नेता अभिषेक कुमार, अभिषेक बिष्ट, पियूष कुमार, नीरज कन्याल, राहुल जोशी, राहुल आर्या आदि समेत परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) से महेश चन्द्र व चन्दन,शीलू कुमार शामिल थे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों की हुई जांच

कपकोट (उद संवाददाता)। जगत मोहनी फाउंडेशन शिखर अल्मोड़ा की ओर से यहां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगास शिविर में विभिन्न रोगों के डाक्टरों ने 300 से अधिक रोगियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बाँटी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कपकोट में आयोजित इस शिविर में कैलाश न्यूरो सेंटर हल्द्वानी के न्यूरो फिजिशीयन



डॉ. लक्ष्मी कान्त जोशी ने सिर, गर्दन, पीठ दर्द और नसों की बीमारी की जांच कीस नेत्र सर्जन और पूर्व निदेशक डॉ.जेसी दुर्गापाल ने आँखों की जांच कर 50 से अधिक लोगों को चश्मे दिए। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षवर्धन पंत,डॉ.युक्ति पंत ने दांतों की जांच पड़ताल जबकि डॉ. लता देवड़ी ने हृदय, बीपी, शुगर और थाइराइड की जांच कर रोगियों को उचित परामर्श दिया। समन्वयक राजेश बिष्ट ने बताया कि इस तरह के शिविर भविष्य में सुदूरवर्ती जरूरमंद क्षेत्रों में भी लगाए जाएंगे। बताया कि शिविर सम्पन्न कराने में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष गोविन्द बिष्ट, निवर्तमान सभासद तनुज तिरूवा, प्रवीण ऐठानी, पूर्व प्रधान गणेश चंद्र उपाध्याय, सामाजिक कार्यकर्ता नारायण कपकोटी, पूर्व सैनिक जमन सिंह बिष्ट, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेश कुमार और चीफ फार्मेशिष्ट राजेंद्र कपकोटी का खाश सहयोग मिला। सभी के सहयोग के प्रति आभार जताया।

# पानी के लिए मेहनरबूंगा के लोगों ने किया प्रदर्शन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में पेयजल व्यवस्था को लेकर जगह जगह उपभोक्ताओं को पेयजल संयोजन होने के बाद भी पानी नही मिलने से आक्रोश है, वही जिलामुख्यालय में भी पीने के पानी की मांग को लेकर उपभोक्ताओं में रोष है। मेहनरबूंगा के लोगों नेनगर में दो नदियों के होने के बाद भी पेयजल व्यवस्था चरमराने के लिए पेयजल विभाग को दोषी माना है, नलों में जल नही और बिन पानी जलसंस्थान द्वारा उपभोक्ताओं को बिल दिए जाने से उपभोक्ताओं में रोष है।वही मेहनरबुंगा में ग्रामीणों ने खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन किया। यहां पूर्व विधानसभा प्रत्यासी अर्जुन देव के नेतृत्व में उपभोक्ताओं ने जलसंस्थान के विरुद्ध आक्रोश जताया।और सभा कर वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के लिए बनी योजना का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। उन्हें खुद एक से दो किमी दूर से पानी ढोना पड़ रहा है। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सोमवार को मेहनरबूंगा क्षेत्र के लोग खाली बर्तनों के साथ जल संस्थान कार्यालय पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। नाराज उपभोक्ताओं ने



कनस्तर बजाकर अधिकारियों को कुंभकर्णी नींद से जगाने को कहा। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि मेहनरबूंगा क्षेत्र में पानी का संकट लंबे समय से बना हुआ है। जबकि उसी क्षेत्र में बनी मेहनरबूंगा-पुलिस पेयजल योजना का लाभ भी उन्हें नहीं मिल रहा है। पानी के लिए उन्हें एक किमी दूर माग के धारे में जाना पड़ रहा है। धारे तक जाने में उन्हें भारी परेशानी हो रही है। जिस रास्ते से महिलाएं पानी भरने जाती है वहां गुलदार का भी आतंक बना हुआ है। पुल पर आवारा जानवरों का बसेरा बना है। कई जानवर हिंसक हो गए हैं। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर उन्होंने खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शनक किया। इस मौके पर, रीता देवी, हेमा देवी, किशन राम, ममता देवी, जीवन लाल, अनिल कुमार, सुरेश चंद्र, पूर्व प्रधान रमेश राज आदि मौजूद रहे।



# अधिकारी की तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे चल रही महिला और दो बच्चियों को रौंदा, तीनों की मौत

## पुलिस ने आरोपी कार चालक खंड विकास अधिकारी को किया गिरफ्तार



टिहरी। बौराड़ी नगर पालिका कार्यालय के समीप की सड़क पर टहल रहीं एक महिला, उसकी बेटी व दो भतीजियों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। हादसे में महिला और उसकी दोनों भतीजियों की मौत हो गई, जबकि बेटी घायल हो गई है। पुलिस ने आरोपी कार चालक खंड विकास अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया है।वहीं दर्दनाक सड़क हादसे की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सोमवार शाम करीब 7:30 बजे बौराड़ी निवासी रविंद्र नेगी की पत्नी रीना नेगी (36) अपनी बेटी आराध्या और भतीजी अग्रिमा (10) व अन्विता (7) के साथ नगर पालिका कार्यालय के समीप सड़क पर टहल रही थीं। तभी जिला पंचायत कार्यालय की तरफ से एक तेज रफ्तार कार उन्हें कुचलती हुई निकल गई। हादसे में रीना देवी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बेटी आराध्या, दोनों भतीजी अग्रिमा व अन्विता गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल बौराड़ी लाया गया। जहां उपचार के दौरान अग्रिमा और अन्विता ने भी दम तोड़ दिया। वहीं आराध्या का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। स्थानीय लोगों ने कार चालक बौराड़ी निवासी डीपी चमोली को मौके पर ही घेर लिया था। चमोली जाखणीधार ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी है। अपर पुलिस अधीक्षक जेआर जोशी ने बताया कि रीना के पति रविंद्र नेगी की तहरीर पर कार चालक डीपी चमोली के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। मेडिकल करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस घटना से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वाहन चालक नशे की हालत में था। मृतक महिला के पति की बौराड़ी में दुकान है। मृतक बच्चियों के पिता सुरेंद्र नेगी यहां एक फाइनेंस कंपनी में नौकरी करते हैं।







# ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के सदमे में महिला की हुई मौत, गुस्साए लोगों ने लगाया जाम



देहरादून (उद संवाददाता)। रिस्पना नदी किनारे काठबंगला बस्ती में अवैध कब्जों पर की गयी कार्रवाई के दौरान आशियाना उजड़ने के सदमे में 25 वर्षीय महिला सोनम की मौत हो गयी। युवती की मौत से भड़के लोगों ने प्रदर्शन कर सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस ने जाम लगा रहे कई लोगों को हिरासत में लिया है। मंगलवार शाम भारी पुलिस बल के साथ एमडीडीए ने दर्जनों आशियानों को ध्वस्त कर दिया। विभिन्न संगठनों और लोगों का विरोध कार्रवाई को नहीं रोक पाया। करीब पांच घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान रोते-बिलखते और गुस्से का इजहार करते लोग कभी एमडीडीए तो कभी सरकार पर सवाल उठाते रहे। इस कार्रवाई के दौरान गहरे सदम से सोनम की तबीयत बिगड़ी और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गयी। सोनम अपने पीछे पांच साल की बेटी और चार माह का बेटा छोड़ गई। परिजनों ने बताया कि डॉक्टर ने सदमे के कारण हार्ट अटैक आने के कारण मौत होने की बात बताई है। सोनम की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। घटना से गुस्साये लोगों लोगों ने प्रदर्शन कर जाम लगा दिया। इस दौरान भारी फोर्स तैनात थी। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया। वहीं रिस्पना नदी किनारे बसे सैकड़ों बस्तीवासियों ने अपना सामान समेटकर वहां से जाने लगे है। प्रशासन की कड़ी कार्यवाही से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# चाकू के साथ एक गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)। अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने गुरमेल सिंह पुत्र स्व कृपाल सिंह निवासी पीपलिया शक्तिफार्म को एक अदद नाजायज रामपुरी चाकू के साथ वनशक्ति मंदिर के सामने किच्छा रोड से गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है व अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी,कॉस्टेबल भारत भूषण शामिल थे।

# मुख्य बाजार में जल निकासी के लिए व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बरसात से पूर्व मुख्य बाजार में जलभराव से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध करने की मांग को लेकर व्यापार ने उप नगर आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारियों ने उपनगर आयुक्त से मिले व्यापारियों ने कहा कि बरसात के दिनों में हर बार मुख्य बाजार में जलभराव से मुख्य बाजार में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जलभराव के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं होने के कारण व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। व्यापारियों ने कहा कि मुख्य बाजार में जब से नाले का निर्माण हुआ था तब से ठेकेदार ने नाले के अंदर से बल्ली फंटी और शटरिंग का सामान भी छोड़ दिया था जिसके कारण आये दिन बाजार में बिना बरसात के ही सड़कों पर पानी आ जाता है। व्यापारियों ने कहा कि मानसून जल्द आने वाला है ऐसे में समय रहते मुख्य बाजार में जलभराव के पुख्ता इंतजाम किये जाने चाहिए ताकि व्यापारियों को नुकसान ना उठाना पड़े। वहीं व्यपारियों ने कहा कि पूर्व में भी कई बार बारिशे के दौरान जलभराव की समस्या से व्यपारियों को नुकसरान का सामना करना पड़ा है। उपनगर आयुक्त ने जल निकासी के लिए व्यापक इंतजाम करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, राहुल सरीन, बॉबी टुटेजा, आकाश भुसरी, शिवेन सेठी, पवन गावा, राजकुमार सिकरी, आदि मौजूद थे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा एक मकान जो कि भूषण लाल पुत्र श्री राम लाल नि० ग्राम सरदारनगर थाना गदरपुर उधमसिंहनगर वालों से क्रय किया था, उक्त मकान की मूल रजिस्ट्री मैंने भूषण लाल पुत्र श्री राम लाल नि० ग्राम सरदारनगर थाना गदरपुर उधम सिंहनगर वालो से ले ली थी,जिसकी मूल प्रति दिनांक 08/06/2024 को गदरपुर बाजार में गिरकर गुम हो गयी है जिसकी काफी खोजबीन करने के उपरांत भी नही मिल सकी है। रजिस्ट्री जिसका विवरण प्रथम जिल्द सं० 1626 पेज नं0 183 से 192 सीरियल नं0 5597 दिनांक 06.06.20213 है, जो कि उप निबन्धक बाजपुर में पंजीकृत है।

प्रियंका अरोरा पत्नी श्री कपिल अनेजा निवासी वार्ड नं0 5 आवास विकास, गदरपुर जिला-उधमसिंहनगर

## पेज एक का शेष...

**निवेश के नाम पर करोड़ों...**एमपी सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना हल्द्वानी मे पंजीकृत एफ0आई0आर0 में वांछित 25000 के ईनामी आशुतोष चतुर्वेदी पुत्र जयप्रकाश चौबे निवासी वार्ड न0-4 केशवपुरम थाना आईटीआई, काशीपुर को रोडवेज बसअड्डा रुद्रपुर से गिरफ्तार किया गया है।पकड़े गये शातिर अन्तर्राज्यीय ठग पर उत्तराखण्ड और यूपी में धोखाधड़ी व ठगी के 3 मुकदमें दर्ज हैं। यह एक तरह का आर्गेनाइज क्राइम था जिसमें इसके द्वारा अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर, एक जेकेवी मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव नामक सोसाइटी बनाकर , उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान व बिहार में अपनी ब्रांच खोलकर लोगों से भिन्न-भिन्न स्कीमों में ज्यादा ब्याज का लालच देकर करोड़ों रुपए की धनराशि निवेश करवाकर गबन किया गया था। समिति की खटीमा तथा हल्द्वानी में भी ब्रांच थी जिसमें खटीमा में लोगों का करीब एक करोड़ 25 लाख तथा हल्द्वानी में करीब 90 लाख रु0 का गबन किया गया था। अभियुक आशुतोष चतुर्वेदी सोसाइटी में डायरेक्टर के पद पर था और विभिन्न अभियोगों में वांछित था । एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि सोसायटी के निदेशक, अधिकारी, कर्मी अशिक्षित, गरीब, बेरोजगारों को कम समय में रकम दोगुनी करने का झांसा देते थे। इस बाबत उनका सोसायटी में खाता खुलवाया जाता और रकम जमा कराई जाती। बाद में बैंक खातों के जरिये जमा रकम को सोसायटी के खाते में ट्रांसफर कर दिया जाता था। वहां से रकम का गबन हो जाता था। अभी तक की जाँच-पड़ताल से 2 करोड़ से ज्यादा का गबन सामने आया है। वहीं अन्य राज्यों की शाखाओं का गबन मिलाकर घोटाला कई करोड़ों तक पहुँच सकता है। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में उपनिरीक्षक बृजभूषण गुररानी, हेड कांस्टेबल जगपाल सिंह, गोविन्द बिष्ट, संजय कुमार, सुरेन्द्र कनवाल आदि भी शामिल थे।

**कल्याणी नदी से हटेगा...**जारी करते हुये अतिक्रमण हटाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होने निर्देश दिये कि नदी में अतिक्रमण हटाते हुये सम्बन्धितों को प्रधानमंत्री आवास हेतु आवेदन करवाये। उन्होने कल्याणी नदी की नियमित सफाई कराने के निर्देश नगर निगम व सिचाई विभाग को दिये ताकि वर्षाकाल में नदी का बहाव बना रहे व जल भराव न हो सके। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ट्रांचिगं ग्रांउड में लिगेसीवेस्ट ट्रिटमेंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यदायी संस्था को लिगेसीवेस्ट ट्रिटमेंट में गति लाने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि लिगेसीवेस्ट को सड़क से 10 फिट दूर तक सफाई करते हुये हटाया जाये ताकि यातायात सुचारू रूप से बना रहे व धरातल पर सफाई भी दिखे। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, अधिशासी अभियंता सिचाई पीसी पाण्डे, क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी नरेश गोस्वामी सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

**सिक्योरिटी गार्ड की ...**बिगड़ गयी जिससे फैक्ट्री में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में फैक्ट्री के कर्मचारी उसे अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे। आकाश की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। मृतजक मूल रूप से पीलीभीत का रहने वाला था। वह यहां ट्रांजिट कैम्प में परिवार के साथ रह रहा था। परिजनों का कहना है कि आकाश की मौत फैक्ट्री के अंदर हुयी है जबकि सिक्योरिटी कंपनी के मुताबिक आकाश की मौत फैक्ट्री से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुयी है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचानामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर घटना की जानकारी ली और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान विधायक ठुकराल ने कहा कि आजकल युवाओं की अचानक मौत होना चिंता का विषय है। बीते कुछ समय से ऐसी घटनायें लगातार देखने में आ रही है। ठुकराल ने कहा कि मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद दिलाने के लिए फैक्ट्री प्रबंधन और सिक्योरिटी कंपनी से वार्ता की जायेगी।

**जिला पंचायत बोर्ड ..**जिला पंचायत अध्यक्ष और अधिकारियों ने नाराज सदस्यों को मनाने का प्रयास किया लेकिन समाचार लिखने तक उनका धरना जारी था। धरने पर बैठे सदस्यों ने टेंडर के वर्कआर्डर शीघ्र जारी करने की मांग की। धरना देने वालों में हरदेव सिंह हेरी, जसपाल सिंह हेरी, अजीत पाल सिंह, अफरोज जहां, वीर सिंह, सद्दाम हुसैन, परमजीत कौर, सतीश फोजे, जमत उल फिरदौस, दुर्गेश कुमार, मीना रानी आदि शामिल थे।

**आपातकाल के लोकतंत्र..**अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचला गया। आपातकाल के दौरान पूरे देश में आंदोलन हुए। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग भी किया गया। लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल में अनेक यातनाएं सही और जेल भी काटी। कहा कि कांग्रेस ने उस समय अपनी सत्ता बचाने और राजनीतिक स्वार्थ पूरा करने के लिए लोकतंत्र की हत्याकर देश में आपातकाल लगा दिया था। गोष्ठी को विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर विवेक सक्सेना, अमित नारंग, बिट्टू चौहान, गजेन्द्र प्रजापति, गुरदीप सिंह, मानस जायसवाल, मनोज मदान,ममता त्रिपाठी, रजनी रावत, ममता जीना, अशोक विश्वास, जितेन्द्र संधू, विजय तोमर, राजेन्द्र जोशी, रश्मि रस्तौगी, ममता त्रिपाठी, नंदन सिंह, राजेश तिवारी, राकेश सिंह, अक्षय अरोरा आदि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**बाइक सवार युवक..** अहमद बाइक पर कुर्सियों की फेरी करता था। रोजाना की तरह वह घर से फेरी लगाने के लिए निकला।बताया गया है कि सकेनिया रोड पर फतेहगंज पुलिया के पास वह अचानक बाइक सहित गिर पड़ा। आस पास के लोग उसे अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**हाईटेंशन लाईन की ..**चपेट में आ गया और इस हाथी की दर्दनाक मौत हो गई। नर हाथी की उम्र 8 से 10 साल बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हाईटेंशन लाइन को ऊंचा करने के लिए ऊर्जा निगम से कई बार कहा गया था। लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# लावारिश शव पर बदमाश की आईडी रख खिसक गया था संदिग्ध

## अस्पताल के डॉक्टर, कर्मियों ने शव के पास मिले साक्ष्यों पर बनाई थी पुलिस सूचना

( हनीफ बाबा )

सितारगंज। करीब 9 वर्ष पूर्व लावारिश शव पर बदमाश की पहचान से जुड़े साक्ष्यों को रखकर संदिग्ध हॉस्पिटल से खिसक गया था। शव के आसपास कोई नही था। इसलिए स्टेचर पर रखे शव के पास पहले ही फर्जी पहचान के साक्ष्यों षड्यंत्र के तहत संदिग्ध पर रखने का शक पुख्ता होता दिख रहा है। तलाशी में अज्ञात शव होने की सूचना साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार अस्पताल कर्मियों ने तत्कालीन चिकित्सा अधीक्षक को देकर पुलिस को दी थी। इस वजह से अज्ञात शव का पोस्टमार्टम बदमाश मुकेश यादव ने परिजनों की मदद से खुद के नाम कराकर मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करा लिया। इस प्रकरण में अस्पताल प्रशासन ने स्टाफ पर किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है। लावारिस शव के नाम से खुद का पोस्टमार्टम मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करवने वाले बदमाश मुकेश ने काफी गहरा षड्यंत्र रचा था। लेकिन 25 अगस्त 2022 को थाना रोजा शाहजहांपुर में मुनीश यादव नाम से रह रहा मुकेश गिरफ्तार हुआ। मुकेश की जामा तलाशी में उसी के नाम से जुलाई 2015 की मृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिली थी। इसके बाद इस मामले में स्थानीय कोतवाली में लावारिश शव पर झूठी पहचान करने पर मुकेश, उसके परिजनों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले की अस्पताल प्रशासन और पुलिस की तरफ से गहनता पूर्वक जांच चल रही है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार 9 वर्ष पूर्व अज्ञात शव सरकारी अस्पताल के स्ट्रेचर पर कोई संदिग्ध सुबह



तड़के रखकर फरार हो गया था। संदिग्ध ने शव के कपड़ों में फर्जी पहचान से जुड़े कागजात रखे थे। उस वक्त अस्पताल के लेवर रूम में कर्मचारी व्यस्त थे बाहर आकर देखा तो लाश रखी हुई थी। तुरंत तत्कालीन चिकित्सा अधीक्षक हर्ष सिंह ऐरी को बुलाया गया। शव की तलाशी ली गई तो उसके पास से मुकेश कुमार पुत्र भीकम सिंह निवासी पीतल नगरी मुरादाबाद से जुड़े साक्ष्य मिले। इसी आधार पर सफाई कर्मी ज्वाला प्रसाद को मृत व्यक्ति की सूचना देने के लिए थाने भेजा गया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने लावारिश शव की पहचान बदमाश मुकेश कुमार के परिजनों की तस्दीक पर मुकेश कुमार के नाम से पंचायत नामा, पोस्टमार्टम कराया। कोतवाली मेमो लेकर गए अस्पताल के सफाई कर्मी ज्वाला प्रसाद ने बताया कि जब लावारिश शव मिला था, तब उसके पास कोई नही था। उन्होंने और अन्य स्टाफ ने किसी को भी शव के पास नही देखा था। वह लेवर रूम में व्यस्त थे। इसलिए तुरंत उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक रहे हर्ष सिंह को अवगत कराया था। इधर पुलिस की जांच में सामने आया है कि बदमाश मुकेश यादव और उसके बहनोई पप्पू कुमार पाल धर्मपाल ने मिलकर किसी व्यक्ति की हत्या की। अज्ञात शव षड्यंत्र के तहत मुकेश यादव के नाम से पहचान कराकर षड्यंत्र रचा गया है। पुलिस ने इस मामले में मुकेश, धर्मपाल, भीकम सिंह, पप्पू, सुधा, संगीता के खिलाफ हत्या और सबूत मिटाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं अस्तपाल की चिकित्सा अधीक्षक अभिलाषा पांडे ने बताया कि इस प्रकरण में अस्पताल स्टाफ का किसी प्रकार से कोई लेना देना नही है। शव के पास से जो कागजात मिले उसी के आधार पर पुलिस को मेमो भेजने का नियम है।

# नाला बंद किये जाने से भड़के लोग, तहसीलदार को घेरा

किच्छा(उद संवाददाता)। शुगर फैक्ट्री द्वारा फैक्ट्री कंपाउंड के नाले को बंद कर दिए जाने से जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो गई। वार्ड नंबर 4 के लगभग ढाई सौ परिवारों के सामने जल निकासी की समस्या उत्पन हो गई है। कुमार को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि वार्ड नंबर 4 के लगभग ढाई सौ परिवारों का घरों का पानी व बरसात का पानी इकट्ठा होकर फैक्ट्री कंपाउंड के नाले से होते हुए नहर में जाकर गिरता है किंतु फैक्ट्री प्रबंधन तंत्र द्वारा फैक्ट्री जलमग्न होने की स्थिति में आ गया है। वार्ड वासियों की समस्याओं को देखते हुए जल निकासी हेतु फैक्ट्री कंपाउंड के बंद नल को जनहित में खुलवाया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यदि समय रहते हुए जल निकासी नहीं की गई तो



वार्ड में भयंकर बीमारियां फैल सकती है तथा जनहानि हो सकती है तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी द्वारा वार्ड वासियों को आस्वस्त किया गया है कि फैक्ट्री प्रबंधन से वार्ता कर शीघ्र ही जल निकासी के लिए समाधान किया जाएगा। ज्ञापन

जल निकासी की मांग को लेकर के वार्ड नंबर 4 के लोगों द्वारा तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी का घेराव कर ज्ञापन सौंप कर जल निकासी की समस्या का समाधान करने की मांग की है। समाजसेवी प्रकाश चंद्र पंत के नेतृत्व में तहसीलदार गिरीश कंपाउंड में गिरने वाले वार्ड वासियों के पानी को बंद कर दिया है जिस वजह से संपूर्ण वार्ड में सड़कों में पानी भर गया है तथा आगे वर्षा का समय होने के कारण वर्षा के पानी की भी निकासी अवरुद्ध हो गई है जिस वजह से वार्ड नंबर चार देने वालों में मुख्य रूप से प्रकाश चंद्र पंत, देवेंद्र कुमार शर्मा, योगेंद्र, दीवान सिंह, राम सिंह, रतन सिंह, अखंड प्रताप सिंह, जगमोहन, रामकिशन, लोकेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, राजेश, विवेक, चंद्रपाल पप्पू, महेंद्र सिंह शामिल थे।

# राजस्व कर्मी ने नाराज किसान सें वार्ता कर पुल का काम शुरू कराया

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। नगर के निकटवर्ती गांव सुंदरपुर से होकर गुजरने वाली भाखड़ा नदी पर बन रहे रफ्टा पुल की सड़क निर्माण किसान ने किसान से वार्ता करने की कोशिश की। इस बीच संबंधित क्षेत्र के लेखपाल मंजू सिंह बिष्ट भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किस से वार्ता कर उनकी समस्या को जमा हो गया है। जिस पत्थर की बनी पिचिंग टूटने लगा है। उन्होंने राजस्व विभाग के माध्यम से पुल निर्माण कार्यदाई संस्था संस्था से पत्थर की

रुकवा दिया था। निर्माण कार्य रुकने पर राजस्व विभाग की पहल पर किसान से वार्ता कर रुके हुए निर्माण कार्य सुषारू रूप से चालू हो गया। बताते चले की रविवार को सुंदरपुर के कुछ ग्रामीणों ने 16 लाख की लागत से बन रहे रफ्टा पुल के निर्माण को लेकर हंगामा करते हुए निर्माण कार्य को रुकवाया था।



इसके बाद कार्यवाही संस्था लघु सिंचाई विभाग के अधिकारी सुशील कुमार तथा अवर अभियंता टिंकू सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने निर्माण कार्य का विरोध करने वाले संबंधित एक समाधान का आश्वासन देकर रुके हुए कार्य को सुचारू रूप से शुरू करवा दिया। वही किसान कपिल कुमार का कहना है पुलिया का फर्श पूजा होने की वजह से किसान की खेत के आगे पानी पिचिंग गिरने से रोकने के लिए सुरक्षा दीवार बनाई जाने की मांग की है। इस मौके पर विजय बाछाड़, भाजपा नेता अमित नारंग, भवतोष बाछाड़, मोहन कुमार, सुरंजन कुमार, सुब्रत कुमार आदि मौजूद रहे।

# इनामी आरोपी को बेंगलुरु से किया गिरफ्तार

रुद्रपुर। गदरपुर थाने में दर्ज दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को एसओजी और पुलिस टीम ने बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सोमवार को पुलिस कार्यालय में एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि सात जनवरी 2023 को ग्राम मसीत गदरपुर निवासी निशा ने अपने पति हारून उर्फ बाबू निवासी ग्राम पसियापुरा थाना कोतवाली नगर रामपुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न आरोप में केस दर्ज कराया था। केस दर्ज होने के बाद से हारून फरार चल रहा था। हारून की तलाश में कई बार संभावित ठिकानों में दबिश दी गई थी लेकिन उसका पता नहीं चल सका था। इसके बाद हारून पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। 22 जून को हारून को गदरपुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने चिक्कातिरूपति रोड पर सेंचुरी पार्किंग पुलिस स्टेशन अनुगोंडानहल्ली जिला बेंगलुरु कर्नाटक से गिरफ्तार किया। हारून को हौसकोटे जिला बैंगलौर कर्नाटक में ट्रांजिट रिमांड प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किया गया। अदालत ने चार दिन का ट्रांजिट रिमांड मंजूर किया था। इसके बाद हारून को गदरपुर लाया गया था। टीम में एसओजी प्रभारी संजय पाठक, एसओ गदरपुर जसवीर चौहान सहित अन्य कर्मी शामिल थे।



